भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 891

जिसका उत्तर मंगलवार, 3 दिसम्बर, 2024/12 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया

भारतीय महिला बैंक (बीएमबी) द्वारा दिये जाने वाले शिक्षा ऋण

891. श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में सिक्किम में भारतीय महिला बैंक (बीएमबी) से शिक्षा ऋण लेने वाले छात्रों की संख्या और प्रतिशत सहित संस्वीकृत, संवितरित और उपयोग में लाई गई कुल ऋण राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में शिक्षा ऋण पर भारतीय महिला बैंक द्वारा प्रभारित वर्तमान ब्याज दर कितनी है;

(ग) क्या भारतीय महिला बैंक छात्रों की तुलना में छात्राओं से कम ब्याज दर प्रभारित करता है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस असमानता को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या भारतीय महिला बैंक के पास सिक्किम में महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण देने संबंधी कोई प्रस्ताव है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (घ):भारत सरकार ने दिनांक 20/3/2017 के आदेश के तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भारतीय महिला बैंक लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी। इसके अलावा, आरबीआई ने दिनांक 22/3/2017 की अपनी अधिसूचना के तहत यह अधिसूचित किया है कि भारतीय महिला बैंक लिमिटेड की सभी शाखाएं 1अप्रैल 2017 से भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं के रुप में कार्य करेगी।

इसलिए, मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं है, क्योंकि 1 अप्रैल, 2017 से एक संस्था के रुप में बीएमबी मौजूद नहीं है।

*****